तापमान

अधिकतम 30 .4 डिग्री
न्यूनतम 8 .1 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, मंगलवार, 4 मार्च 2025

12 घटकर 31.9% पर आया मतदान 240 वोट भी घटे, टेंशन में भाजपा



12 बजट सत्र के बाद शुरू होगी बस स्टेशनों को हाईटेक...



## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में एक मरा, दो घायल

**पानीपत।** बाबरपुर पुल पर ट्रैक्टर व कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार नवजोत, शमशेर सिंह, गुरलाल सिंह निवासी पेहवा, कुरुक्षेत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां शमशेर की मौत हो गई। इधर, हुडा सेक्टर 13-17 थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शमशेर का शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वहीं नवजोत सिंह की शिकायत पर ट्रैक्टर चालक पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### डिवाइडर से टकराकर पलटी कार, दो युवतियां घायल

**कुरुक्षेत्र।** शाहबाद में अम्बाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर रविवार-सोमवार की रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से कार डिवाइडर से टकराई और उसके बाद लिंक रोड पर पलट गई। हादसे में कार सवार 2 युवतियां गंभीर घायल हो गई, जिन्हें नागरिक अस्पताल शाहबाद में प्राथमिक उपचार दिया गया। हादसे की सूचना मिलने पर शाहाबाद पुलिस और हेल्पर्स सोसायटी की टीम मौके पर पहुंची और मदद में जुटी। घायलों की पहचान येसमीन (25 वर्षीय) और हीना (21 वर्षीय) के रूप में हुई है।

### पुलिस ने मादक पदार्थ तस्कर को पकड़ा

**समालखा।** सीआईए टू पुलिस टीम ने समालखा नेस्ले कंपनी के नजदीक नशा तस्कर सोनू पुत्र दलबीर निवासी गांव चुलकाना जिला पानीपत को 11 किलो 224 ग्राम गांजा नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना समालखा में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है। वहीं सोनू के अन्य साथियों की जानकारी लेकर उन्हें पकड़ने के लिए आरोपी को कोर्ट से दो दिन के रिमांड पर लिया है।

### पुलिस ने हुड़दंग करते दो शराबियों को दबोचा

**पानीपत।** थाना सदर पुलिस टीम ने सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हुडदंग कर रहे अनिल पुत्र पपू निवासी गांव महमदपुर व अनिल पुत्र शर्माराम निवासी गांव बड़ी रजापुर को गिरफ्तार किया। थाना सदर प्रभारी इंस्पेक्टर हरनारायण ने बताया कि आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है।

### पुलिस की टीम ने शराब तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** थाना किला पुलिस की टीम ने पवन पुत्र रामधन मूल निवासी निवासी गांव दुभेटा जिला सोनीपत हाल निवासी दलबीर नगर को अपने ही घर के बाहर अवैध रूप से शराब बेचते हुए पकडा है। थाना किला प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना किला में केस दर्ज किया गया है।

### घर से नकदी और जेवर ले उड़े चोर

**पानीपत।** वधावाराम कॉलोनी निवासी संजय ने बताया कि चोरों ने उनके घर से नकदी, जेवर व अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना के समय वह अपनी पत्नी पार्वती के साथ उपचार के लिए डाक्टर के पास गया था। वापस लौटा तो घर में चोरी होने होने का पता चला। इधर, तहसील कैंप पुलिस ने संजय की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### इसराना गांव में पुलिया टूटी, हादसे का डर

**इसराना।** पानीपत के गांव इसराना में रेस्ट हाउस से गांव चिढ़ाना की तरफ जाने वाले रजबाहे पर बनाई गई नई पुलिया टूट गई है। यह पुलिया इसराना पुलिस थाने से कुछ दूरी पर स्थित है। इस रास्ते का प्रयोग गांव इसराना से जीटी रोड तक जाने के लिए किया जाता है। यहां से परढाना की सीमेंट फैक्ट्री और अन्य फैक्ट्रियों के भारी वाहन भी गुजरते हैं। इसराना के ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग से पुलिया का नवनिर्माण करने की अपील की है।

## स्ट्रांगरूम पर ईवीएम मशीनों पर पुलिस का रहेगा कड़ा पहरा

- जिला प्रशासन ने नपा रादौर चुनाव को लेकर कस्बा के सरकारी स्कूल में बनाया स्ट्रांगरूम
- स्ट्रांगरूम पर तैनात किए 40 पुलिस कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

नगरपालिका रादौर के चेयरमैन और पार्षदों के चुनाव की मतगणना 12 मार्च को कस्बा के सरकारी स्कूल में की जाएगी। जिसको लेकर प्रशासन की ओर से ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर पुलिस का कड़ा पहरा लगाया गया है। पुलिस के लगभग 40 जवान अलग अलग शिफ्ट में स्ट्रांग रूम की सुरक्षा करने में लगे हुए है।

### सुरक्षा को लेकर कैमरे लगाए

ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर स्कूल परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। वहीं स्ट्रॉग रूम में ईवीएम मशीनों को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। जिसको लेकर स्ट्रांग रूम के बाहर कैमरो से जुड़ी एलसीडी स्क्रीन लगाई गई है। जिस पर उम्मीदवार स्ट्रांग रूम को लेकर प्रशासन की ओर से ईवीएम मशीनों की सुरक्षा को लेकर किए गए इंतजाम देख सकते है।




**यमुनानगर।** सरकारी स्कूल रादौर में बनाए गए स्ट्रांग रूम के बाहर पहरा देते पुलिस के जवान।

### 9520 मतदाताओं ने किया मतदान

शहर के 14 वार्डों के लगभग 11950 मतदाताओं में से 9520 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। रादौर के वार्ड नंबर 14 में सबसे अधिक 908 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। वार्ड में कुल 1093 मतदाता थे। सबसे कम वार्ड नंबर 5 में 215 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें कुल 319 मतदाता थे।

### 79.67 प्रतिशत मतदान हुआ

शहर के वार्ड नंबर 1 में 892 मतदाताओं में से 725 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 81.28 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 2 में 957 मतदाताओं में से 856 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 89.45 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 3 में 841 मतदाताओं में से 707 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 84.07 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 4 में 964 मतदाताओं में से 748 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 77.59 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 5 में 319 मतदाताओं में से 215 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 67.40 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 6 में 667 मतदाताओं में से 509 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 76.31 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 7 में 961 मतदाताओं में से 713 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 74.19 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 8 में 683 मतदाताओं में से 501 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 73.35 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 9 में 1131 मतदाताओं में से 870 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 76.92 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 10 में 969 मतदाताओं में से 688 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 71.00 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 11 में 1066 मतदाताओं में से 895 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 83.96 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 12 में 697 मतदाताओं में से 535 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 76.76 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 13 में 710 मतदाताओं में से 650 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 91.55 प्रतिशत मतदान रहा। वार्ड नंबर 14 में 1093 मतदाताओं में से 908 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 83.07 प्रतिशत मतदान रहा। कुल 79.67 प्रतिशत मतदान हुआ।

## दर्दनाक हादसे में व्यक्ति की जान गई

**कुरुक्षेत्र।** सोमवार को शाहाबाद अंबाला जीटी रोड पर नौगजा पीर के नजदीक एक दर्दनाक हादसे में व्यक्ति की मौत हो गई। दुर्घटना इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल चालक ने हेलमेट पहन रखा था लेकिन इस दुर्घटना में हेलमेट चकनाचूर हो गया और युवक का सिर कुचला गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम व शाहाबाद थाने से पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। मौके पर पहुंचे एसआई मनोज कुमार ने शरीर के चिथड़ों को एकत्रित कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र पहुंचाया। मृतक की जेब से मिले आधार कार्ड से परिजनों को सूचित किया गया। युवक की पहचान उमरी डेरा बाजीगर निवासी जोगिंद्र के रूप में हुई है। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक जोगिंद्र मोटरसाइकिल पर अपने रिश्तेदारी में मिलने के लिए राजपुरा पंजाब गया था। जब वह आज प्रातः वापिस लौट रहा था तो दुर्घटना का शिकार हो गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करके शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया।

## युवक की हत्या के मामले में तीन आरोपियों को उम्रकैद

- कोर्ट ने तीनों आरोपियों पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

दो साल पहले थाना फर्कपुर क्षेत्र में हुई अमित नाम के युवक की हत्या के मामले में अदालत ने तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपियों पर एक लाख रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला एडिशनल सेशन जज संदीप सिंह की कोर्ट ने सुनाया है।

जानकारी के अनुसार गांव मंडेबर निवासी सुरेश पाल के बेटे अमित कुमार का मर्डर छह नवंबर 2022 को हो गया था। उसका शव फर्कपुर अंडरपास के निकट नाले से बरामद हुआ था। पता लगा तो घटना वाले दिन मौके पर पुलिस के साथ ही अमित का भाई अश्वनी भी पहुंच गया था। आसपास से हुई पूछताछ के बाद पता चला था कि अमित को उसके दोस्त लक्ष्मी गार्डन निवासी राजन यादव, पृथ्वी नगर निवासी मनीष कुमार तथा कृष्णा नगर के बसंत यादव ने मारा है। पुलिस ने तीनों आरोपियों पर हत्या का केस दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल हथियार भी बरामद कर लिया था। इसके बाद तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर ली। इस मामले में सुनवाई करते हुए एडिशनल सेशन जज संदीप सिंह ने मनीष, बसंत तथा राजन के खिलाफ उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर तीनों को उम्र कैद की सजा दी। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

## जिला खनन विभाग ने की कार्रवाई

# अवैध खनन के मामले में दो वाहन किए सीज

- जिला खनन अधिकारी व एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए लगाए गए नाकों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिला खनन विभाग द्वारा खनन एवं भूविज्ञान विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग व उपायुक्त पार्थ गुप्ता के निर्देशानुसार खनन विभाग यमुनानगर द्वारा अवैध खनन एवं परिवहन पर अंकुश लगाए जाने को लेकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इस संबंध में जिला खनन अधिकारी व उप मंडल अधिकारी (ना) व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए लगाए गए नाकों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अवैध खनन मामले में संलिप्त पाए गए दो वाहनों को सीज किया गया।



**यमुनानगर।** व्यासपुर क्षेत्र में लगे नाकों पर कर्मचारियों की टीम के साथ औचक निरीक्षण करते हुए खनन अधिकारी विनय शर्मा व उपमंडल अधिकारी (ना) जसपाल सिंह गिल। फोटोः हरिभूमि

खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि उन्होंने उप मंडल अधिकारी (ना) व्यासपुर जसपाल सिंह गिल के साथ नाकों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान खनन निरीक्षक रोहित सिंह द्वारा अवैध खनिज के परिवहन के संबंध में दो वाहनों को पकड़ कर नियमानुसार सीज किया गया। इस दौरान उनके साथ प्रवर्तन ब्यूरो यमुनानगर से एसआई विजय कुमार व टीम भी उनके साथ मौजूद रही। खनन अधिकारी विनय शर्मा ने बताया कि खनन विभाग द्वारा प्रतिदिन नाकों से रिपोर्ट लेकर सभी संबंधित उप मंडल अधिकारी (ना) को भेजी जा रही है और उनके द्वारा भी टीम के साथ प्रतिदिन नाकों का निरीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला यमुनानगर में महानिदेशक एवं उपायुक्त के निर्देशानुसार पूर्ण रूप से अवैध खनन एवं अवैध खनिज के परिवहन पर अंकुश लगाया जाएगा। हमारी टीमें निरंतर इस दिशा में प्रयासरत है और हम काफी हद तक अवैध खनन पर अंकुश लगाने में सफल रहे हैं।

## डीसी व एसपी ने किया परीक्षा केंद्रों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

- बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीसी प्रीति

डीसी प्रीति ने एसपी राजेश कालिया के साथ सोमवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं परीक्षा के दृष्टिगत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बनाए गए केंद्रों का दौरा किया और परीक्षा संचालन प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने एक एक कक्षा में जाकर खिड़कियों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश आदि की व्यवस्था को बारीकी से जांचा। इस दौरान सामान्य खामियां मिलने पर उन्होंने परीक्षा केंद्र अधीक्षक को उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने परीक्षा में उपस्थित एवं अनुपस्थित विद्यार्थियों की संख्या के बारे में भी जानकारी ली। सोमवार को कक्षा दसवीं के अंग्रेजी विषय की परीक्षा थी।

डीसी प्रीति ने कहा कि जिला प्रशासन केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षाओं को नकल रहित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। अगर कोई परीक्षार्थी नकल करने तथा अन्य व्यक्ति नकल करवाने में लिप्त पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से भी आह्वान किया कि परीक्षाओं को नकल रहित करवाने में जिला प्रशासन का साथ दें और अपने बच्चों को भी पूरी तैयारी के साथ अकल से परीक्षा देने की सलाह दें। डीसी ने एसपी राजेश कालिया के साथ परीक्षाओं के दौरान आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की और जरूरत अनुसार पुलिस स्टाफ की तैनाती बारे विमर्श किया। एसपी राजेश कालिया ने परीक्षा केंद्रों पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को अलर्ट रहने तथा परीक्षा केंद्र के अंदर व बाहर पैनी नजर बनाए रखने के निर्देश दिए।

शिक्षा विभाग के अनुसार जिले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं व 12वीं की परीक्षा के लिए जिले में 75 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। अगर विद्यार्थियों की बात करें तो जिले में कक्षा दसवीं में 14 हजार 769 तथा बारहवीं कक्षा में 10 हजार 969 विद्यार्थी एंरोल हैं।



**कैथल।** डीसी प्रीति और एसपी राजेश कालिया परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते हुए। फोटोः हरिभूमि

### ऑपरेशन स्माइल-छह बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया

**पानीपत।** सनौली रोड में दुकानों पर काम कर रहे 10 से 14 साल की उम्र के छह बच्चों को एमडीडी ऑफ इंडिया की टीम ने मानव तस्करी विरोधी इकाई के सहयोग से रेसक्यू कर बाल कल्याण समिति पानीपत में पेश किया गया। जहां इन सभी बच्चों की काउंसलिंग की गई और उसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा बच्चों को बाल देखभाल गृह पानीपत में भेज दिया गया। गौरतलब है कि ये बच्चे गरीबी और मजबूरी के चलते ढाबों और स्वीट शॉप्स पर कम कर रहे थे। इस कार्रवाई में मानव तस्करी विरोधी इकाई से स्टेट क्राइम ब्रांच इंचार्ज एस आई संदीप कुमार, एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल ज्योति चहल और एमडीडी ऑफ़ इंडिया संस्था से अजय चौहान ने भाग लिया। इधर, एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने बताया कि बाल श्रम एक कानूनन अपराध है और जो कोई भी बच्चों से बाल श्रम करवाता है उसे सजा के साथ जुर्माना भी हो सकता है।

## सड़क हादसे में महिला की मौत व एक युवक घायल

- आटो की टक्कर लगने से बाइक से नीचे गिरी महिला को ट्रैक्टर ट्राली ने कुचला
- पुलिस ने आरोपी आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

शहर के हमीदा मोड़ के नजदीक आटो की टक्कर लगने से नीचे गिरी महिला को ट्रैक्टर ट्राली ने कुचल दिया। इस दौरान महिला की मौत हो गई और एक युवक घायल हो गया। मौके से आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

शहर की यमुना गली निवासी अर्जुन ने बताया कि उसकी पत्नी गुडडन(36) सोमवार को उसके दोस्त बलिंद्र की बाइक पर बैठकर बैंक में जा रही थी।

इस दौरान रास्ते में हमीदा मोड के नजदीक पीछे से आ रहे आटो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और वह दोनों नीचे गिर पड़े। जिसके बाद सामने से आ रही गन्ने से लदी ट्रैक्टर ट्राली ने गुड्डन को कुचल दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जबकि नीचे गिरने से बलिंद्र घायल हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया और अज्ञात आटो चालक व ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

## अमेरिका से डिपोर्ट होते ही पुलिस ने गिरफ्तार किया

- जान लेवा हमले का आरोपी है सक्षम, हुडा सेक्टर 13/17 थाना में दर्ज है केस, पुलिस ने दिल्ली इंदिरा गांधी एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



थाना सेक्टर 13/17 पुलिस टीम ने गांव गढ़ सरनाई गांव में गत वर्ष 25 जून को बाइक से घर लौट रहे करनाल के हरि सिंहपुरा गांव निवासी शुभम पर पिस्तौल से 15 रौंद फायरिंग करने मामले में फरार चल रहे 10वें आरोपी सक्षम निवासी गांव पूंडरी जिला करनाल को गिरफ्तार किया है।

वारदात के कुछ दिन बाद आरोपी सक्षम अवैध तरिके से अमेरिका भाग गया था। अमेरिका से डिपोर्ट होकर रविवार को वापिस भारत लौटा तो पुलिस ने दिल्ली इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट पर आरोपी सक्षम को हिरासत में लेकर पूछताछ की। विगत दिनों पुलिस द्वारा आरोपी के लुक आउट नोटिस भी जारी करवाए गए थे। थाना सेक्टर 13/17 प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी सक्षम ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी आरोपी सावन निवासी अलुपुर, लक्ष्य, निखिल, मोहित व गौरव निवासी गौंदर, अंकित निवासी भगवानपुर सहारनपुर यूपी, विजय निवासी सगा, आदित्य उर्फ मन्नू निवासी मिर्जापुर सहारनपुर यूपी व विशांत उर्फ काला निवासी सनौली के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा है। इस मामले में थाना सेक्टर 13/17 में सुमन पत्नी बिजेंद्र निवासी गांव हरिसिंहपुरा जिला करनाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

**पुरानी अनाजमंडी में लगाई क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन** | **पांच रुपये का सिक्का डालने पर मिलेगा कपड़े का बैग**

# जुलाना कस्बे को पॉलीथीन मुक्त बनाने के लिए नपा ने चलाया अनूठा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुलाना

जुलानाकस्बे को पॉलीथीन मुक्त बनाने के लिए नगरपालिका ने हाईटेक तरीका अपनाया है। कस्बे की पुरानी अनाजमंडी में नगरपालिका ने क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन लगाई है। मशीन में पांच रूपये का सिक्का डालने पर ऑटोमैटिक कपड़े का बैग मशीन से बाहर आएगा। बाजार में खरीदारी के लिए आए ग्राहकों को आसानी से कपड़े का कैरी बैग मिलेगा। जिससे पॉलीथीन के प्रयोग से छुटकारा मिलेगा।

सोमवार को नगर पालिका की सचिव पूजा साहू ने मशीन का रिबन काटकर उद्घाटन किया। सचिव ने लोगों को पांच रुपये का सिक्का डालकर बैग निकाल कर प्रयोग करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर स्वच्छ भारत मिशन अर्बन इंचार्ज संजीव चहल, पंकज, जीनत पूनिया, राहूल, सागर व अजित सिंह भी मौजूद रहे।




**जींद।** पुरानी अनाजमंडी में मशीन का प्रयोग करने के लिए जागरूक करती नपा सचिव पूजा साहू।

### पॉलीथीन के बैग पर्यावरण के लिए भी हानिकारक

नगर पालिका सचिव पूजा साहू ने बताया कि मशीन लगाने का उद्देश्य लोगों को पॉलीथीन के प्रयोग न करने के लिए जागरूक करना है। पॉलीथीन के बैग मनुष्य के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी हानिकारक हैं। अगर लोग जागरूक होंगे और कपड़े के कैरी बैग का प्रयोग करते हैं तो और मशीने भी बाजार में लगाई जाएंगी। बाजार में आने वाले लोगों को पॉलीथीन की बजाए कपड़े के बैग का प्रयोग करना चाहिए।

### पॉलीथीन वातावरण और पशुओं के लिए भी हानिकारक

पॉलीथीन वातावरण और पशुओं के लिए भी हानिकारक है। पॉलीथीन गलता भी नही है और जलाने पर वायू प्रदूषण होता है। नालियों में डालने से लोगों को निकासी व्यवस्था की समस्या से भी होकर गुजरना पड़ता है। इसके अलावा कई बार पशु पॉलीथीन को खा जाते हैं जिसकी कीमत पशुओं को जान देकर चुकानी पड़ती है।

### साढ़े 14 हजार रुपये की कीमत से लगाई गई मशीन

स्वच्छ भारत मिशन अर्बन इंचार्ज संजीव चहल ने बताया कि पुरानी अनाज मंडी में साढ़े 14 हजार रुपये की लागत से क्लॉथ बैग वेंडिंग मशीन लगाई गई है। मशीन को स्वच्छ भारत मिशन द्वारा पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में लगाया गया है। अगर लोग पॉलीथीन को छोड़कर कपड़े के बैग को प्रयोग करने के लिए जागरूक होते हैं तो बाजार में और भी मशीने लगाई जाएंगी। मशीन में बैग रखने का काम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को दिया जाएगा। मशीन में जो राशि एकत्रित होगी उसे भी स्वंय सहायता समहू की महिलाओं को दिया जाएगा। मार्केट में कैरी बैग की कीमत 10 रुपये है तो भरपाई के रूप में कुछ अंशदान विभाग द्वारा दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### सावित्री बाई फुले की पुण्य तिथि पर कार्यक्रम 10 को

**रादौर।** सैनी समाज की ओर से 10 मार्च को सावित्री बाई फुले की 128वीं पुण्यतिथि मनाई जाएगी। जिसमें स्थानीय लोग सावित्रीबाई फुले के चित्र पर फूलमालाएं अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि भेंट करेंगे। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने बताया कि सावित्री बाई फुले का जन्म 3 जनवरी 1831 को हुआ था। सावित्री बाई एक महान व्यक्तित्व की स्वामी थी। उन्होंने सामाजिक बुराइयों को खत्म करने के लिए आवाज उठाई थी। हमें समाज में फैली बुराईयों को दूर करने के लिये आज सावित्री बाई फुले द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। तभी जाकर हम समाज को नई राह दिखा सकते हैं।

### डंडों व ईंटों से हमला कर युवक को किया घायल

**यमुनानगर।** गांव अकालगढ़ में रंजिशन युवक को रास्ते में रोककर चार युवकों ने डंडों, बिंडों व ईंटों से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस नेमामले की जांच के बाद दो भाइयों समेत चारों युवकों पर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव अकालगढ़ निवासी शोएब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसके परिवार के साथ गांव के ही सत्तार अली की अनबन चल रही है। जिसके चलते आरोपी सत्तार उनसे रंजिश रखता है। शनिवार रात को वह गांव की बीसी चौपाल के पास से जा रहा था। रास्ते में आरोपी सत्तार के बेटे साहिल खान, अमीर खान व रहीम व दौलतपुर निवासी उमेर गुर्जर ने रोक लिया। आरोपी उससे गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने डंडों, बिंडों व ईंटों से हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी। सदर थाना पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### नशा मुक्त समाज बनाने में योगदान देंगे: बीईओ

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा नशे के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत बकेट चैलेंज अभियान चलाकर युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। पुलिस महानिदेशक ओपी सिंह के दिशानिदेर्शों एवं मार्गर्शन और पुलिस अधीक्षक मोहित हांडा एवं पुलिस अधीक्षक पंखुरी कुमार के नेतृत्व में यह अभियान जन जन तक पहुँच रहा है। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा आज प्रातः हरियाणा राज्य परिवहन कुरुक्षेत्र के अधीन बस चालक प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं के पास पहुंचे और उन्हें इस अभियान से जोड़ा। तत्पश्चात वे गुरु ब्रह्मानंद संग्रहालय पहुंचे और देवी डॉ. मैत्री आनंद सरस्वती से भेंट कर उन्हें इस अभियान से जोड़ा गया। देवी डॉ. मैत्री आनंद सरस्वती ने कहा कि ब्यूरो का यह अभियान बहुत ही सराहनीय है। थानेसर बीईओ इंदु कौशिक इस अभियान से जुडी और कहा कि वे इस अभियान को प्रत्येक बच्चे तक पहुंचकर नशा मुक्त समाज बनाने में योगदान देंगे।

## उपायुक्त ने बैठक में दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश

# परीक्षाओं की शुचिता के लिए प्रशासन प्रतिबद्धः उपायुक्त



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में भाग लेते हुए प्रशासनिक अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

**जिला सचिवालय में सेकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी की परीक्षाओं को नकल रहित करवाए जाने के उद्देश्य को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जा रही सैकेंडरी व सीनियर सेकेंडरी परीक्षाओं को नकल रहित संपन्न करवाए जाने के उदेश्य को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जिला में चल रही परीक्षाओं को पूर्णतः नकल रहित संपन्न करवाया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यदि कोई भी नागरिक नकल करवाने की कोशिश करता पाया जाए तो उसके खिलाफ तुरंत एक्शन लिए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को जिला में प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर कड़ी निगरानी रखे जाने के निर्देश दिए।

**जिले में लगाई धारा 163**

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में धारा 163 लगा दी गई है और उसकी अनुपालना भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों में वीडियोग्राफी भी करवाई जाए। मौके पर पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों में दस दस पुलिस के सिपाही तैनात कर दिए गए हैं। इस अवसर पर डीपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, डिप्टी डीईओ शिव कुमार धीमान आदि मौजूद रहे।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी सूरत में खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

उन्होंने शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे परीक्षा के दौरान लगातार फील्ड में रहें तथा यह सुनिश्चित करें कि जिला में कहीं भी नकल ना हो। परीक्षाओं की सुचिता बरकरार रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इस मामले में हरियाणा सरकार बहुत ही सख्त है।

अगर कोई भी कर्मचारी इसमें संलिप्त मिलता है तो उसे तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाए। उन्होंने कहा कि भविष्य में अन्य भी परीक्षाएं होनी हैं। ऐसे में अधिकारी पूरी तरह से सतर्क रहकर कार्य करें।

# स्कूल बस खंबे से टक्कराई

- हादसे में बाल बाल बचे सभी बच्चे
- बड़ा हादसा होने से टला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** फतेहपुर के नजदीक बिजली के खंबे से टक्कराई बस को हटाते हुए जेसीबी की मशीन। *फोटो : हरिभूमि*

निजी स्कूल की छुट्टी होने के बाद बच्चों को घर छोड़ने जा रही बस रास्ते में गांव फतेहपुर के कालापुल के पास अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के खंबे से टक्करा गई। गनीमत यह रही की बस में सवार सभी बच्चे बाल बाल बच गए और बड़ा हादसा होने से टल गया। सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक व स्कूल स्टाफ सदस्य मौके पर पहुंचे और बच्चों कु सुरक्षित घर पहुंचाया।

गांव ताजकपुर निवासी राकेश ने बताया कि दोपहर के समय बुड़यि क्षेत्र के एक निजी स्कूल की बस छुट्टी होने के बाद 54 बच्चों को लेकर उन्हें उनके घर छोड़ने जा रही थी। इस दौरान रास्ते में फतेहपुर के नजदीक पश्चिमी यमुना नहर के पुल के पास सड़क पर कीचड़ जमा होने से वह अनियंत्रित हो गई। अनियंत्रित होने पर बस सड़क किनारे खड़े बिजली के खंबे से टक्करा गई। बस के चालक की सूझबूझ के कारण बस में सवार सभी बच्चे सुरक्षित बच गए।

सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक व स्कूल स्टॉफ सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित घरों तक पहुंचाया। मौके पर जेसीबी की मशीन को बुलाकर बस को कीचड़ से निकालकर सड़क पर पहुंचाया गया।

# आर्य समाज मंदिर में आठ को दो दिवसीय मेले का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



पूर्व प्रधान रमेशचंद आर्य।

- आर्य समाज मंदिर सभा द्वारा महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जाएगा मेला

युग प्रवर्तक महर्षि स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष में आर्य समाज रादौर की ओर से 8 मार्च को दो दिवसीय वार्षिक उत्सव पर विशाल आर्य मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में आसपास के श्रद्धालु भाग लेंगे। आर्य समाज मंदिर रादौर के पूर्व प्रधान रमेश चंद आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजनोपदेशक व आर्य समाज के प्रसिद्ध विद्वान अपने विचार रखेंगे। दो दिनों तक चलने वाले कार्यक्रम में वेदों के प्रगाढ़ ज्ञाता द्वारा हवन यज्ञ सम्पन्न करवाया जाएगा। गुरुकुल कुरुक्षेत्र के संगीताचार्य द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन संदेश पर प्रकाश डाला जाएगा। प्रसिद्ध भजनोपदेशक कल्याणी आर्य द्वारा भारतीय वीरो के गौरवशाली इतिहास एवं वैदिक श्री राम कथा का गायन किया जाएगा।

# डीसी ने फसलों के नुकसान का जायजा लिया

- उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने ओलावृष्टि के कारण हुए फसलों के नुकसान का लिया जायजा
- जिले के गुंदियाना क्षेत्र में गत दिनों हुई ओलावृष्टि से फसलों को हुआ था नुक्सान

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** गांव गुदियाना में ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों को उपायुक्त पार्थ गुप्ता को दिखाता हुआ किसान। *फोटो : हरिभूमि*

ओलावृष्टि में खराब हुई फसलों के नुक्सान का जायजा लेने के लिए उपायुक्त पार्थ गुप्ता सोमवार को अन्य अधिकारियों के साथ जिले के भोगपुर, झीवरहेड़ी व गुंदियाना गांव में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ओलावृष्टि के कारण गेहूं और सरसों समेत अन्य फसलों में हुए नुक्सान का जायजा लिया।

उन्होंने किसानों को फसलों के नुक्सान का ब्यौरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करने के लिए आहवान किया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने किसानों को बताया कि क्षतिपूर्ति पोर्टल पर वह अपनी फसलों के नुकसान का ब्यौरा अवश्य दर्ज करवाएं। ताकि समय पर किसानों को उनकी फसलों का मुआवजा मिल सके। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक आपदा के द्वारा किसानों की जो फसलें नष्ट होती हैं तो ऐसी स्थिति में हरियाणा सरकार द्वारा किसानों को मुआवजा समय समय पर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा फसलों के मुआवजे के लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल बनाया गया है। ताकि किसानों को उनकी फसलों का मुआवजा जल्द मिल सके।

# कचरे का स्वयं करें निपटान: सुनील दत्त

- निगम की टीम ने होटलों का किया निरीक्षण
- बीडब्ल्यूजी के नियमों का अनुसरण करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** निजी होटल का निरीक्षण करते सीएसआई सुनील दत्त व अन्य।

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 पर सर्वश्रेष्ठ रैंक के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी कड़ी में सीएसआई सुनील दत्त ने नगर निगम की टीम के साथ सौ किलोग्राम से अधिक अपशिष्ट पैदा करने वाले निजी होटलों का निरीक्षण किया। यह होटल थोक अपशिष्ट जनरेटर अर्थात बीडब्ल्यूजी (बल्क वेस्ट जेनरेटर) की श्रेणी में आते हैं। निरीक्षण के दौरान निगम की टीम ने होटल व संस्थानों के प्रबंधकों से बैठक की और उन्हें संस्थान व होटल से निकलने वाले कचरे का स्वयं निपटान करने व कंपोस्ट पिट के माध्यम से खाद तैयार करने के निर्देश दिए। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 के मुताबिक सौ किलोग्राम से अधिक कचरा पैदा करने वाली इकाइयों को बीडब्ल्यूजी माना जाता है। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में निगम की टीम ने बल्क वेस्ट जनरेटर के तहत आने वाले होटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम बल्क वेस्ट जनरेटर के तहत आने वाले होटलों, रेस्टोरेंट, बैंकेट हॉल, अस्पताल, शिक्षण संस्थान, धार्मिक संस्थान, मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे, चर्च और डेरों का भी निरीक्षण करेगी। इसलिए सभी प्रबंधक अपने संस्थान से निकलने वाले कचरे का अपने स्तर पर निपटान करें।

**शहर को साफ रखें**

ब्रांड एंबेसडर शशी गुप्ता ने शहरवासियों से अपील की कि यह शहर हम सभी का है। हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि अपने शहर को साफ और सुंदर बनाने में सहयोग दे और हर व्यक्ति सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट 2016 के नियम का अनुसरण करें। निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण की टीम किसी भी वार्ड के किसी भी घर का निरीक्षण कर सकती है। घर के अलावा औद्योगिक क्षेत्र का भी जायजा लिया जाएगा। इसलिए शहर को स्वच्छ बनाने के लिए शहरवासी घर के साथ अपने आसपास के क्षेत्र को भी साफ व सुंदर बनाने में सहयोग करें।

# सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला शव

- मृतक के शरीर पर मिले चोट के निशान
- सोने की चेन, अंगूठी व दो चांदी के कड़े मिले गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर



**यमुनानगर।** अस्पताल में व्यक्ति के मिले शव के मामले में कार्रवाई करती पुलिस।

जगाधरी की श्याम सुंदर पुरी कॉलोनी से रात को टहलने के लिए निकले व्यक्ति का शव फतेहपुर पुल के पास सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में मिला। मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे तथा उसके शरीर से सोने की चेन, अंगूठी तथा चांदी के दो कड़े गायब मिले। मृतक के परिजनों ने अज्ञात पर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की श्याम सुंदर पुरी कॉलोनी निवासी जतिन ने बताया कि उसके चाचा 58 वर्षीय वीरेंद्रपाल अविवाहित था। उनकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती थी। शनिवार देर रात को वह घर का गेट खोलकर टहलने के लिए बाहर निकल गया था। लेकिन रविवार सुबह जब वह कमरे में नहीं दिखे तो परिवार ने उनको आसपड़ोस और रिश्तेदारों में खोजना शुरू किया। शाम उन्हें सूचना मिली कि उसके चाचा का शव फतेहपुर पुल के पास सड़क किनारे पड़ा हुआ है सूचना मिलते ही वह परिवार के साथ मौके पर पहुंचा उसके चाचा का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था।

**फोरेंसिक टीम बुलाई**

क्या कहते हैं जांच अधिकारी बूड़िया थाने के जांच अधिकारी जसविंदर सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजन को सौप दिया। परिजन के बयान के आधार पर केस दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले का पता चलेगा।

# डीलरशिप देने के नाम पर धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- इंदिरा गैस एंड पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और मैनेजर पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

एलपीजी गैस की डीलरशिप देने के नाम पर छछरौली की मैसर्ज मुनिंद्र गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मनोज मेहता से लाखों रुपये की धोखाधड़ी हो गई। आरोप मैसर्ज इंदिरा गैस एंड पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर और मैनेजर पर लगा है। आरोपियों ने उससे गैस की सप्लाई देने के नाम पर 39 लाख रुपये ले लिए। कुछ दिन गैस सप्लाई देने के बाद कंपनी ने उसकी गैस सप्लाई रोक दी।

प्रताप नगर थाना पुलिस ने पुलिस महानिरीक्षक अंबाला के आदेश पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर व मैनेजर पर धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार छछरौली स्थित मैसर्ज मुनिंद्र गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मनोज मेहता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि कुछ माह पहले मैसर्ज इंदिरा गैस एंड पेट्रोलियम प्राइवेट लिमिटेड कंपनी दिल्ली के संचालकों ने विज्ञापन निकलवाया था कि वे गैस एवं पैट्रोलियम की एजेंसी दे रहे है। इच्छुक व्यक्ति उनके पास डीलरशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। विज्ञापन देखकर उसने आवेदन कर दिया। इंदिरा गैस के संचालकों ने उससे चार लाख रुपये बतौर सिक्योरिटी जमा कराए। इसके बाद 500 एलपीजी सिलिंडरों के लिए उससे 35 लाख रुपये और लिए। आरोपियों ने उसे विश्वास दिलाया कि वह उसे समय पर गैस की सप्लाई होती रहेगी।

इसके बाद उसने अपने इलाके के 200 उपभोक्ता बुक कर लिए थे। इसके बाद कंपनी ने उसे 500 एलपीजी गैस सिलिंडर उपलब्ध करा दिए। इसके लिए उसने पहले ही इंदिरा गैस को 35 लाख रुपये की अदायगी कर दी थी। कुछ समय तक आरोपियों ने उसे गैस की सप्लाई दी। लेकिन बाद में गैस की सप्लाई रोक दी और उसे परेशान करना शुरू कर दिया। उसके उपभोक्ताओं के 500 सिलिंडर उसके गोदाम में पड़े है। जब उसने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर व मैनेजर से बातचीत की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया।

# बसंतपुरा में फिरन में गंदा पानी भरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** गांव बसंतपुरा में फिरनी पर जमा गंदा पानी दिखाते ग्रामीण।

गाँव बसंतपुरा में फिरनी व नाला पिछले लगभग 10 वर्षों से खस्ता हाल में होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले को लेकर ग्रामीणों द्वारा पंचायत व प्रशासन को भी अवगत करवाया गया। लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है। जिसका खामियाजा गांव के लोग भुगत रहे हैं।

पूर्व सरपंच पोलाराम, कुलवंत सिंह नंबरदार, दलबीर सिंह, बलकार सिंह, संगतराम, मलकीत सिंह, बलदेव सिंह, जगीर सिंह, अजीत सिंह, मेजर सिंह, हरदीप सिंह प दिलीप सिंह आदि ने बताया कि गांव में नाले की लंबे समय से सफाई नहीं हो पाई है। जिस कारण नाले का गंदा पानी फिरनी पर जमा हो जाता है। गंदा पानी जमा होने से मच्छर मक्खियां पैदा होने से बीमारियों का खतरा बना हुआ है। गांव के लोग गंदे पानी से होकर गुजरते हैं। जिससे उन्हें वातावरण दुषित होने व गंदे पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उनकी मांग है कि पंचायत व प्रशासन जल्द से जल्द नाले की सफाई करवाकर ग्रामीणों को राहत पहुंचाने का काम करे। गांव के सरपंच शिवकुमार ने बताया कि गांव के कुछ लोगों ने पंचायत द्वारा बिछाई गई गंदे पानी की निकासी की पाइपलाइन को कई जगह से तोड़ दिया है।

## प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि ने करवाया कार्यक्रम

# परमात्मा है शिव निराकार ज्योति स्वरूप:बीके राजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर



**यमुनानगर।** के रादौर क्षेत्र के गांव बुबका में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि को ईश्वरीय पोस्टर भेंट करती बीके राजू व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रादौर द्वारा गांव बुबका में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में गांव बुबका की सरपंच सुरेशो देवी व पंच शीतल देवी ने भाग लिया। जबकि मौके पर विवि की संचालिका बीके राज व बीके राजू मौजूद रही।

मुख्यातिथि एवं सरपंच सुरेशो देवी ने कहा कि गांव का हर व्यक्ति सुख शान्ति के लिए ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम में सदैव सहयोग करता है। उन्होंने कहा कि वह भी इस राजयोग का कुछ समय से अभ्यास कर रहा हैं। उन्हें बहुत सुंदर जीवन का अनुभव हो रहा है। लेकिन यह अनुभव तभी संभव है जब संस्था से लगातार जुड़ते है। उनके मार्गदशन अनुसार अभ्यास करते हैं। सरपंच सुरेशो देवी ने कहा कि हम चाहते हैं कि गांव में इस आध्यात्मिक कार्य के लिए स्थाई स्थान उपलब्ध हो सके। जिसमे गांव के सभी लोग इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के आयोजन के लिए संचालिका बीके राज व बीके राजू का आभार व्यक्त किया। मौके पर संचालिका बीके राज ने कहा कि परमात्मा उसे कहा जाता है जो सर्वधर्म मान्य है।

**परमात्मा एक है और शिव ही**

बीके राजू ने कहा कि यही सत्य है कि परमात्मा ज्योति बिन्दु स्वरूप है। क्योंकि ज्योति स्वरूप की प्रतिमा शिवलिंग आकार की ही बनती है, शिवलिंग अर्थात वह पुर्लिंग भी नहीं, स्त्री लिंग भी नही है। लिंग माना सिम्बोल(चिन्ह) वह पुरूष जैसे भी नही, स्त्री जैसे भी नही वह ज्योति स्वरूप इसलिये उनके मन्दिर द्वादश ज्योतिलिंग से प्रसिद्ध है। परमात्मा निराकार,ज्योति, विदेही, अशरीरी है।उन्होंने कहा कि शंकर भी शिव की रचना हैं। इसलिए शंकर को ध्यानस्थ अवस्था मे दिखाया है। वह शिव के ध्यान में बैठे हैं। जबकि जो सर्वोच्च सत्ता परमात्मा हो उसे किसी का ध्यान लगाने की जरूरत नही है। शास्त्रों के प्रसिद्ध श्लोक में शंकर देवतायः नमः व शिव परमात्मायः नमः कह कर गायन किया है। साथ ही 33 कोटि देवताओं का गायन है। जबकि परमात्मा एक है और शिव ही है। एक शिव को परमात्मा की उपाधि देकर नमः किया है। अंत मे शिव ध्वज भी लहराया गया।

खबर संक्षेप

## अज्ञात वाहन ने टैक्सी में मारी टक्कर, दंपति घायल

कुरुक्षेत्र। अम्बाला-दिल्ली नेशनल हाईवे पर शाहबाद में मनमोहन सिंह पेट्रोल पंम्प के सामने अज्ञात वाहन ने टैक्सी को पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में अहमदगढ़ पंजाब निवासी दंपति गंभीर घायल हो गए, जिन्हे हेल्पर्स सोसयटी के सदस्य प्राथमिक उपचार के लिए शाहाबाद के नागरिक अस्पताल में ले गए जहां गंभीर अवस्था के चलते चिकित्स्कों ने घायलों को पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और टेक्सी चालक की शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई शुरू की।

## समाजसेवा के कार्यों में योगदान दें युवाः मुकेश

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में चल रहे पांच दिवसीय यूथ रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को हुआ। अतिथि के रूप में रेड क्रॉस सोसाइटी हरियाणा ब्रांच के जनरल सेक्रेटरी डॉ मुकेश अग्रवाल, केयू के कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल एवं डॉ. बीआर अंबेडकर स्टडी सेंटर के निदेशक डॉ. प्रीतम सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। डॉ मुकेश अग्रवाल ने हरियाणा रेड क्रॉस सोसाइटी की विभिन्न गतिविधियों से स्वयंसेवकों को अवगत करवाया। उन्होंने चार बार नोबेल शांति पुरस्कार जीतने वाली रेड क्रॉस जसेस्था से जुड़ने पर बधाई देते हुए कहा कि सभी युवा सेवाभाव से समाजसेवा के कार्यों में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

### नगर परिषद थानेसर चुनाव : 36242 पुरुषों ने डाले वोट

# 33 हजार 113 महिलाओं ने किया अपने मत का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

नगर परिषद थानेसर आम चुनाव में 33113 महिलाओं ने अपने मत का प्रयोग किया, जबकि 36242 पुरुषों ने भी वोट डाले। इस प्रकार नप थानेसर के आम चुनाव में वोट डालने का आंकडा 50.4 प्रतिशत रहा। इन मतों की गणना का कार्य 12 मार्च को अग्रसेन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 मतगणना केन्द्र में किया जाएगा। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि नगर परिषद थानेसर में चेयरपर्सन और 30 पार्षदों के पद के लिए आम चुनाव हुए। इन चुनावों को लेकर थानेसर नगर परिषद के 32 वार्डों में 108 बूथ बनाए गए थे। इस नगर परिषद में वार्ड 7 और वार्ड 32 में सर्व सम्मति से चुनाव सम्पन्न हो गया था। इसलिए 30 वार्डों में पार्षद पद के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि वार्ड 1 महंत प्रभातपुरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 3 बूथों पर 4002 मतों में से 2203 वोट डाले गए है। इसी तरह वार्ड 2 जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 4 बूथों पर 5216 मतों में से 2693, वार्ड 3 राजकीय मिडल स्कूल गांधीनगर में 2 बूथों पर 2924 में से 1729


नेहा सिंह (उपायुक्त)

लोगों ने अपने मत का प्रयोग किया है। उन्होंने कहा कि वार्ड 4 जनता सीनियर सेकेंडरी स्कूल प्राइमरी सैक्शन के 3 बूथों पर 4174 में से 2410 लोगों ने अपने वोट डाले है। इसी तरह वार्ड 5 में टेकचंद पब्लिक स्कूल ज्योतिनगर के 3 बूथों पर 3959 मतों में से 2088 वोट डाले है, वार्ड 6 में नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल विशिष्ट कालोनी में 3 बूथों पर 3985 में से 1715 वोट डाले है, वार्ड 7 में राजकीय प्राइमरी स्कूल लायलपुर बस्ती के 4 बूथों पर 5240 में से 1909, वार्ड 8 राजकीय मिडल स्कूल सेक्टर 13 के 3 बूथों पर 3941 में से 1566 वोट डाले है, वार्ड 9 पूजा मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 3 बूथों पर 4109 में से 2235 वोट डाले है, वार्ड 10 राजकीय सीनियर

### वार्ड 25 में 2367 मतदाताओं ने डाला वोट

वार्ड 25 सैनी पब्लिक स्कूल के 3 बूथों पर 3566 में से 2367 वोट डाले है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि वार्ड 26 के राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के 4 बूथों पर 4604 में से 1787 वोट, वार्ड 27 के यूनिवर्सिटी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल, गुरुकुल के 4 बूथों पर 4624 में से 1904, वार्ड 28 के जय भारती पब्लिक स्कूल दीदार नगर व सेठ ताराचंद मैमोरियल स्कूल लक्ष्मण कालोनी के 4 बूथों पर 4444 में से 2445 वोट, वार्ड 29 के धन्ना भगत पब्लिक स्कूल के 4 बूथों पर 5210 में से 2837, वार्ड 30 आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 4 बूथों पर 4693 में से 2574, वार्ड 31 में राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल सब्जी मंडी के 4 बूथों पर 5931 में से 3283 वोट तथा वार्ड 32 में महाराजा अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 3 बूथों पर 3949 में से 1073 वोट डाले गए है।

सेकेंडरी स्कूल के 2 बूथों पर 2998 में से 1983 वोट डाले है। उपायुक्त ने कहा कि वार्ड 11 में परशुराम कॉलेज व राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल सेक्टर 2 के 4 बूथों पर 4438 में से 2170, वार्ड 12 राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवीदासपुरा के 3 बूथों पर 3731 में से 2546, वार्ड 13 डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 4 बूथों पर 4954 में से 2449, वार्ड 14 के राजकीय प्राइमरी स्कूल सेक्टर 8 व सेक्टर 4 के 3 बूथों पर 3797 में से 1644, वार्ड 15 के महाराणा प्रताप सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 4 बूथों पर 4758 मतों में से 2181 वोट डाले है, वार्ड 16 के राजकीय मिडल स्कूल रतगल के 4 बूथों पर 5266 में से 2552, वार्ड 17 के बाल भवन पब्लिक स्कूल सेक्टर 13 के 3 बूथों पर 3551 में से 1851 वोट डाले गए है। उन्होंने कहा कि वार्ड 18 के अग्रसेन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 4 बूथों पर 5988 में से 2825, वार्ड 19 के गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल नाथ मंदिर रेलवे रोड 3 बूथों पर 3641 में से 2255, वार्ड 20 के दयानंद महिला कॉलेज के 3 बूथों पर 4086 में से 2265, वार्ड 21 के गीता गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 3 बूथों पर 3878 में से 2248, वार्ड 22 के गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 3 बूथों पर 3699 में से 1504, वार्ड 23 गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 3 बूथों पर 3689 में से 1983, वार्ड 24 के राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल के 4 बूथों पर 4636 में से 2048 वोट डाले है।

## परीक्षा बोर्ड के नियमों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा बर्दाश्त : कपिल कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित करवाई जा रही 10 वीं तथा 12वीं कक्षाओं की परीक्षाओं के मद्देनजर उपायुक्त कुरुक्षेत्र के निर्देशानुसार उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने सोमवार को उपमंडल के कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण दौरा किया और विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा परीक्षा केंद्र अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम कपिल कुमार ने सोमवार को पिहोवा व इस्माईलाबाद के विभिन्न स्कूलों के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बाबा श्रवण नाथ स्कूल पिहोवा, रा.व.मा.वि. इस्माईलाबाद, रा.व.मा.वि. अरनैचा, रा.व.मा.वि. धूलगढ़, रा.क.व.मा. विद्यालय पिहोवा का निरीक्षण किया तथा वहां के प्रबंधों का जायजा लिया। इस कार्य के लिए, डीएसपी निर्मल सिंह, ओम प्रकाश प्रधानाचार्य, सुरेंद्र पाल पीजीटी तथा निधि पीजीटी सदस्यों की एक फ्लाइंग टीम बनाई गई है,

- परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में लगाई गई धारा-144, नकल रहित परीक्षा के लिए सभी कार्यरत स्टाफ रहें चौकस


पिहोवा। परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते एसडीएम।

जो स्कूलों का निरंतर निरीक्षण कर रहे हैं। एसडीएम ने परीक्षा केंद्रों के अधीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षाओं को नकल रहित पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य की पूर्ति में अगर किसी भी संसाधन की आवश्यकता है तो तुरंत सूचित करें। परीक्षाओं को नकल रहित तरीके से संपन्न करवाने के लिए तमाम प्रबंध सभी परीक्षा केंद्रों पर किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस कर्मियों की ड्यूटी निर्धारित की हुई है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में धारा 144 लागू की गई है।



### शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय, कुरुक्षेत्र में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आचार्यों को शिक्षण को अधिक प्रभावी, आनंददायक और प्रेरणादायक बनाने के तरीकों से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ शारदा की वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्रशिक्षक की भूमिका में विद्यालय आचार्या एवं सी.बी.एस. सी प्रशिक्षक डॉ.सुरेंद्र कौर सैनी एवं डॉ. नीलू ढल ने हैप्पी क्लासरूम विषय पर शिक्षकों का मार्गदर्शन किया। डॉ. सुरेंद्र कौर सैनी ने कहा कि ज्ञान प्राप्ति के लिए किसी भी शिक्षण संस्थान में खुशनुमा वातावरण का होना नितांत आवश्यक है। उन्होंने हैप्पी क्लासरूम की अवधारणा को स्पष्ट करते हुए विद्यार्थियों के मानसिक विकास, विद्यालय का वातावरण, स्वयं की जागरूकता, नियमितता, समावेशीकरण, सामाजिक जागरूकता, संबंधों की समझ, प्रसन्नता प्राप्ति के मार्ग, आशावादी होने की प्रवृत्ति, कृतज्ञता कोष का निर्माण, कक्षा -कक्ष को खुशनुमा बनाने की रणनीति आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

### कमोदा में स्वास्थ्य शिविर आज

पिहोवा। नवीन जिंदल फाउंडेशन की ओर से मंगलवार 4 मार्च को गांव कमोदा में नवीन संकल्प शिविर आयोजित किया जाएगा। इसमें ग्रामीणों के लैब टेस्ट करके उन्हें निशुल्क दवाइयां दी जाएंगी। सांसद कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने बताया कि सुबह 10 बजे से 1 बजे तक ब्राह्मण धर्मशाला कमोदा में शिविर लगेगा। उसके बाद डेरा कमोदा के सरकारी स्कूल में दोपहर 2 से साढ़े चार बजे तक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल का मिशन है कि कुरुक्षेत्र लोकसभा स्वच्छ एवं स्वस्थ रहे। इसी उद्देश्य को लेकर उनकी ओर से लोकसभा क्षेत्र में तीन मेडिकल वैन चलाई गई हैं।

## आदेश में महिलाओं से संबंधित रोगों के 3 से 8 मार्च तक ओपीडी रहेगी निःशुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

- आदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा

शाहाबाद के मोहड़ी स्थित आदेश मैडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पखवाड़ा धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसके तहत आदेश अस्पताल में 3 मार्च से 8 मार्च तक महिलाओं से संबंधित बीमारियों की ओ.पी.डी. बिल्कुल निःशुल्क रहेगी और इसके आलावा महिलाओं के लिए फुल बॉडी टेस्ट मात्र 750 रुपये में किया रहा है, हर तरह की डिलीवरी भी निःशुल्क की जाएगी और मेमोग्राफी व पैप स्मीयर टेस्ट भी फ्री किये जाएंगे। इसी कड़ी के तहत सोमवार को भी महिलाओं के सम्मान के लिए आदेश अस्पताल में विशेष थीम


कुरुक्षेत्र। कार्यक्रम की शुरुआत करते मुख्यातिथि मिसेज कमलदीप कौर व आदेश ग्रुप के चेयरमैन डा.एच.एस. गिल व अन्य अतिथिगण।

एक्सीलरेट एक्शन का आयोजन किया गया। जिसमें आदेश वेलफेयर सोसाइटी की चीफ सेक्रेटरी मिसेज कमलदीप कौर ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।



### कला प्रदर्शनी युवा कलाकारों के लिए सुनहरा अवसर

कुरुक्षेत्र। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय, भिवानी की कुलसचिव डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि कला प्रदर्शनी न केवल कला प्रेमियों के लिए है बल्कि युवा कलाकारों के लिए भी एक सुनहरा अवसर मानी जाती है। वे सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग में आयोजित तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी ह्यइन ऐंड आउटर स्केप्सह्य का शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रही थी। डॉ. भावना शर्मा ने दोनों कलाकारों की रचनात्मकता और गहराई से भरे चित्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस प्रकार की इसके माध्यम से कलाकारों के लिए व्यावसायिक द्वार खुलते हैं तथा इस प्रकार की प्रदर्शनी भविष्य में भी आयोजित होती रहनी चाहिए। कला प्रदर्शनी में छात्र-कलाकार मुस्कान डागर व सुमन राज की कलाकृतियों को दर्शकों द्वारा सराहा गया।

## कुवि ने घोषित किए वर्ष 2024 में एनईपी-2020 के तहत आयोजित 37 परीक्षाओं के परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने एनईपी-2020 के वर्ष 2024 में आयोजित 37 परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि अक्टूबर 2024 में आयोजित ऑनलाइन डीडीई के एमएएमसी प्रथम, एमसीए प्रथम, एमबीए प्रथम, एम.कॉम प्रथम, बी.कॉम प्रथम, बीबीए प्रथम, एमसीए द्वितीय के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही मार्च 2024 में आयोजित बी.कॉम तृतीय ऑनलाइन डीडीई, दिसंबर, 2024 में आयोजित एम.कॉम तृतीय सेमेस्टर, बीसीए पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए हैं। इसके साथ ही बी.ए. (मास कम्युनिकेशन) दूसरा सेमेस्टर (एनईपी), बैंकिंग और बीमा में बी.कॉम, विज्ञापन, बिक्री संवर्धन और बिक्री प्रबंधन में बी.कॉम वोकेशनल, प्रिंसिपल और प्रैक्टिस इंश्योरेंस में बी.कॉम वोकेशनल तथा मई, 2024 में आयोजित पीजीडीजेएमसी डीडीई कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए हैं। डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसंबर 2024 में आयोजित एम.एससी. प्रथम सेमेस्टर (रिअपीयर), एम.एससी. (बायो-टेक) (रिअपीयर/फ्रेश), बी.लिब. द्वितीय सेमेस्टर (रिअपीयर), एम.टेक. माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स वीएलएसआई प्रथम और तृतीय सेमेस्टर (रिअपीयर), एम.ए. (इतिहास) तृतीय सेमेस्टर (फ्रेश), एम.ए. (शिक्षा) प्रथम सेमेस्टर, एमएचएमसीटी प्रथम सेमेस्टर, बीएचएमसीटी सातवां सेमेस्टर (फ्रेश) नॉन सीबीसीएस, एम.लिब. प्रथम और द्वितीय सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

## 135 प्राइवेट स्कूलों का प्ले-वे स्कूल के लिए किया जाएगा पंजीकरण : कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने कहा कि राज्य सरकार के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में लगभग 135 प्राईवेट प्ले-वे स्कूल चल रहे है। इन सभी स्कूलों को नियमानुसार अपना पंजीकरण करवाना होगा। इन स्कूलों के प्रबंधकों को सरकार की शर्तों के अनुसार 20 मार्च तक तमाम दस्तावेज जमा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय में जमा करवाने होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी बलजीत कौर ने जारी प्रेस ब्यान में कहा है कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा निदेर्शानुसार जिला में चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। इसके लिए महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचकूला, हरियाणा निदेशक के पत्र द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास को प्राइवेट प्ले स्कूल के पंजीकरण के लिए, सक्षम अधिकारी बनाया गया है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के तहत 3-6 वर्ष के बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुछ शर्तें भी निर्धारित की गई है। सभी स्कूलों को निर्धारित मापदंडों को पूरा करना होगा।

## टीबी अभियान को सफल बनाने में रेडक्रास की अग्रणी भूमिका

- गांव झांसा में टीबी स्क्रीनिंग व सामान्य स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

जिला रेडक्रास सोसायटी चेयरमैन एवं उपायुक्त नेहा सिंह के निर्देशानुसार टीबी उन्मूलन अभियान के तहत गांव झांसा में टीबी स्क्रीनिंग, सामान्य स्वास्थ्य एवं एड्स जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रास टीबी को-आर्डिनेटर अंजली की अगुवाई में आयोजित इस शिविर में 109 टीबी के सैंपल लिए गए और 78 लोगों के सामान्य स्वास्थ्य की जांच की गई। शिविर का शुभारंभ जिला रेडक्रास



सोसायटी सचिव डॉ. सुनील कुमार ने किया। जिला सचिव डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए जन सहयोग जरूरी है। हरियाणा रेडक्रास सोसायटी और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में टीबी के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। रेडक्रास टीबी को-आर्डिनेटर अंजलि ने बताया कि टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में रेडक्रास अग्रणी भूमिका निभा रहा है और सरकार की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों में भी रेडक्रास की ओर से पूरा सहयोग किया जा रहा है। ग्राम पंचायत झांसा के सरपंच पवन गाबा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर टीबी जांच अभियान सराहनीय प्रयास है। रोग से बचाव और इलाज के प्रति समाज में जागरूकता लाना जरूरी है। वहीं यूथ ब्लड डोनेशन सोसायटी के अध्यक्ष विनोद पाल होल्कर का कहना था टीबी कोई बहुत बड़ी बीमारी नहीं है। अगर सचेत रहा जाए और बीमारी होने पर छुपाएं नहीं बल्कि अस्पताल जाकर इलाज कराएं। आज सरकार हर सरकारी अस्पतालों में टीबी के इलाज के लिए मुफ्त व्यवस्था की है। डॉ. अभिषेक और लैब टेक्निशियन जसविंद्र कौर और पूनम ने शिविर में पहुंचे लोगों के सामान्य स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निशुल्क दवाइयां वितरित की।


थानेसर। प्रभातफेरी के आयोजक संजय आहूजा परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के पदाधिकारी।

### श्यामा होली खेलण आइया तेरियां सालियां ने.....के भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

थानेसर। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी की प्रेरणा से होली उत्सव के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार द्वारा प्रभात फेरी का आयोजन चक्रवर्ती मोहल्ले में संजय आहूजा, उमा आहूजा, ममता आहूजा के निवास स्थान पर किया गया। प्रभात फेरी में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। राधा और कृष्ण भाव के भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। सुनील वत्स, पवन गुंब्बर, अजय आहूजा, जय भगवान ने राधा कृष्ण भाव के होली से संबंधित भजन गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्यामा होली खेलण आइया तेरियां सालियां ने.....के भजन पर श्रद्धालु ठाकुर जी की युगल जोड़ी के सामने जमकर नाचे। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की ओर से श्री कृष्ण कृपा गौशाला के चेयरमैन हंसराज सिंगला, विजय नरूला, अशोक अरोड़ा, पवन भारद्वाज, कृष्ण लाल पूंडरी वाले,कर्मचंद ने प्रभात फेरी के आयोजक आहूजा परिवार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।


कुरुक्षेत्र। श्रीखाटूश्याम संकीर्तन में भाग लेते श्याम भक्त।

### 'तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा' पर झूमे भक्त

कुरुक्षेत्र। श्रीखाटू श्याम परिवार सेवा समिति (रजि.), कुरुक्षेत्र द्वारा मेन बाजार थानेसर में भव्य श्री श्याम संकीर्तन एवं भंडारा आयोजित किया गया। जानकारी देते हुए श्री श्याम मंदिर (कुरुक्षेत्र धाम) के मुख्य पुजारी आचार्य शंभु प्रसाद और सचिव अटल शर्मा ने बताया संकीर्तन में समाजसेवी कुलदीप शर्मा गोल्डी एवं गणेश मित्र मण्डल के सभी सदस्यों ने श्याम पूजन किया। भक्तों ने श्री श्याम जी का पुष्प श्रृंगार किया। दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू से वातावरण महक उठा। गौरी-गणेश पूजन और माँ सरस्वती वन्दना से आरंभ हुए संकीर्तन में दिल्ली से गर्ग सिस्टर ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें सांवरे सलोने का कोई ना जवाब....,तू किरपा कर बाबा, कीर्तन करवाऊंगा..., दरबार अनोखा, सरकार अनोखी खाटू वाले की हर बात अनोखी..., देर न करों न करों इंतजार श्याम जी के चरणों से कर ले तू प्यार..., शायद मेरे बाबा को ख्याल हमारा आया है इसलिए बाबा ने हमें कीर्तन में बुलाया है... और जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है उस चौखट के हम सेवादार हैं... इत्यादि भजन सराहे गए।

खेलकूद

### कुवि कुलपति ने किया ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल स्पर्धा का शुभारंभ

3 से 8 मार्च तक होगा आयोजन, कुल 16 महिला टीमें लेगी भाग

# प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों के खेल कौशल को निखारने का मंच करती हैं प्रदान : प्रो. सोमनाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि खेल प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों के खेल कौशल को निखारने का मंच प्रदान करती है, बल्कि टीम वर्क, अनुशासन और कड़ी मेहनत जैसे जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों को भी सशक्त करती है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है कि हम इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बन रहे हैं। वे कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 3 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे।


कुरुक्षेत्र। खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा।

अपने संबोधन में कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने भारत की सबसे लंबी महिला बास्केटबॉल खिलाड़ी पूनम चतुर्वेदी का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष करते हुए अपने खेल करियर को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने विश्वविद्यालय की खेल उपलब्धियों पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय 6 पद्म श्री, 16 अर्जुन अवार्डी और 6 द्रोणाचार्य अवार्डी खिलाड़ियों का गौरवशाली इतिहास समेटे हुए है। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रेरित करते हुए कहा, जैसे आज आप इस प्रतियोगिता में खेल रहे हैं, वैसे ही इन महान खिलाड़ियों ने भी अपनी यात्रा शुरू की थी। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की खेल विरासत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्वविद्यालय निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और विभिन्न खेलों में शानदार प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह प्रतियोगिता खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और देश के लिए गौरव हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता न केवल प्रतिस्पर्धा का मंच है, बल्कि एक नवोदित खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत भी है, जो उन्हें भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक होगी। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. एआर चौधरी, खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. अशोक चौधरी, डॉ. राजेश सोबती, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच राजेश राजौंद, वॉलीबॉल कोच राजेश मैहला, मोनिका, मलकीत, सहित विभाग के सभी सम्मानित स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### सभी मुकाबले इंडोर कोर्ट पर खेले जाएंगे

इस उद्घाटन समारोह में खेल निदेशक प्रो. दिनेश राणा ने मुख्य अतिथि सहित अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि 3 मार्च से 8 मार्च तक आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में कुल 16 महिला टीमें भाग ले रही हैं। सभी मुकाबले इंडोर कोर्ट पर खेले जाएंगे। इस अवसर पर छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. ए. आर. चौधरी और खेल परिषद के अध्यक्ष डॉ. अशोक चौधरी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

